RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : गुरुवार 10 अगस्त 2023 | वर्ष 05 | अंक 106 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 8 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक **रोकठोक लेखनी** ®

खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# ऐतिहासिक विरासत को संवारा जाएगा: मुख्यमंत्री

## अगस्त क्रांति मैदान से 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान शुरू

**मुंबई :** राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बुधवार को ऐतिहासिक अगस्त क्रांति मैदान से 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान की शुरूआत की। शिंदे ने इस अवसर पर कहा कि देश के लिए स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान की वजह से हम स्वतंत्रता के स्वर्णिम क्षण का अनुभव कर रहे हैं। 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान के माध्यम से उनके प्रति आभार प्रकट करते हुए ऐतिहासिक विरासत को संवारने का काम किया जाएगा। स्वराज्य का गौरव महाराष्ट्र की धरती से उभरा है, हर किसी को इस पर गर्व होना चाहिए। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री अजित पवार भी मौजूद थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान की घोषणा की है। इस अभियान में वीरों को याद करने के लिए देशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।



शिंदे ने कहा कि महात्मा गांधी ने यहीं से अंग्रेजों को 'भारत छोड़ो' का नारा दिया था। भारत छोड़ो आंदोलन को आजादी के दिनों में 'ऑपरेशन जीरो आवर' से दबाने की कोशिश की गई, लेकिन उनका यह दांव उल्टा पड़ा। बड़े नेताओं के गिरफ्तारी से आम लोगों ने इस आंदोलन को अपने हाथ में ले लिया। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र ने देश को बड़ी संख्या में संत, समाज सुधारक और क्रांतिकारी भी दिये हैं। किसानों, मजदूरों ने योगदान दिया। इसलिए न केवल उनके बलिदान को याद कर, बल्कि युवाओं तक उनकी निष्ठा पहुंचाकर भी यह अभियान पूरे देश में चलाया जा रहा है।

**देशभक्ति की यह लौ जलती रहेगी : अजित पवार**

उपमुख्यमंत्री अजीत पवार ने कहा कि देश की आजादी के लिए लोगों का आंदोलन अगस्त क्रांति मैदान से शुरू हुआ था। इन स्वतंत्रता सेनानियों, उनके परिवारों ने देश के लिए बलिदान दिया। देश भक्ति की यह लौ जलती रहेगी और हम सभी को इसे अगली पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए काम करना होगा। कई लोगों ने देश की प्रगति में योगदान दिया है। इस अवसर पर खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री छगन भुजबल, सांस्कृतिक कार्य मंत्री सुधीर मुनगंटीवार, मुंबई उपनगर के पालक मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा, मुख्य सचिव मनोज सौनिक, विधायक मनीषा कायंदे, विधायक आशीष शेलार, विधायक यामिनी जाधव, विधायक सदा सरवणकर, मुंबई महापालिका के आयुक्त इकबाल सिंह चहल उपस्थित थे।

### अगस्त क्रांति मैदान का अलग ही महत्व: फडणवीस

**उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि 9 अगस्त स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों को श्रद्धांजलि देने का दिन है। हमने इस स्थान पर शहीदों को याद करके, पौधरोपण करके, राष्ट्रीय तिरंगा फहराकर और अपनी मिट्टी को श्रद्धांजलि देकर शुरूआत की है। आने वाले समय में हम इन पंचप्रणों के माध्यम से एक नागरिक के रूप में देश को विकसित करने के अपने सपनों को जरूर पूरा करेंगे।**

### मंत्रालय के अधिकारी, कर्मचारियों को पंचप्रण की शपथ...

**मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बुधवार को मंत्रालय के अधिकारी-कर्मचारियों को पंचप्रण की शपथ दिलाई। मुख्यमंत्री ने भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने, गुलामी की मानसिकता को जड़ से खत्म करने, देश की समृद्ध विरासत को गौरवान्वित करने, भारत की एकता को मजबूत करने और इसकी रक्षा करने वालों का सम्मान करने की शपथ दिलाई। 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान के तहत मंत्रालय के त्रिमूर्ति प्रांगण आयोजित कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, अजित पवार, सांस्कृतिक कार्य मंत्री सुधीर मुनगंटीवार आदि उपस्थित थे।**

# भाजपा ने एनसीपी को तोड़ने का पाप किया: पटोले



**मुंबई :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को महाराष्ट्र के एनडीए सांसदों का मार्गदर्शन करते हुए राकांपा अध्यक्ष शरद पवार को लेकर एक बयान दिया था। पीएम ने कहा था कि कांग्रेस के परिवारवाद के कारण शरद पवार को प्रधानमंत्री बनने का अवसर नहीं मिला। इस बयान पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह आरोप हास्यस्पद है। कांग्रेस पार्टी में हमेशा से सभी को मौका दिया जाता है। शरद पवार को कांग्रेस ने विधायक, सांसद, मुख्यमंत्री, लोकसभा में विपक्ष के नेता, रक्षा मंत्री, केंद्रीय कृषि मंत्री जैसे विभिन्न पदों की जिम्मेदारी दी थी। नरेंद्र मोदी ने पहले शरद पवार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर उन्हें बदनाम किया और बाद में उनकी पार्टी को तोड़ने का पाप किया है। पटोले ने कहा कि भाजपा ने हमेशा शरद पवार पर झूठे आरोप लगाकर उन्हें बदनाम करने का काम किया है। मोदी ने एनसीपी पार्टी को तोड़कर शरद पवार की राजनीति को खत्म करने की कोशिश की और आज वे घड़ियाली आंसू बहाकर यह दिखा रहे हैं कि उन्हें शरद पवार की काफी चिंता है। कांग्रेस पार्टी में विभिन्न जातियों और धर्मों के लोगों को संगठन और सत्ता में महत्वपूर्ण पद दिए जाते हैं। देश की पहली महिला राष्ट्रपति के साथ-साथ पहली महिला लोकसभा अध्यक्ष भी कांग्रेस पार्टी ने ही दी थी। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने प्रधानमंत्री बनने का मौका आने पर भी सर्वोच्च पद छोड़ दिया और मनमोहन सिंह को प्रधानमंत्री की जिम्मेदारी सौंपी दी।

# गड्ढों से भरी सड़कों पर हाईकोर्ट नाराज

## बीएमसी आयुक्त और पांच अन्य नगर निगमों के प्रमुखों को किया तलब

बॉम्बे हाईकोर्ट ने बुधवार को सड़कों और फुटपाथों को गड्ढा मुक्त रखने के अपने निर्देशों का पालन नहीं करने पर मुंबई और पांच अन्य नगर निगमों के प्रमुखों को शुक्रवार को अदालत में तलब किया है। हाईकोर्ट ने कहा कि जब तक वरिष्ठ अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी नहीं बनाया जाएगा तब तक कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी।



बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के आयुक्त के अलावा, ठाणे नगर निगम, वसई विरार नगर निगम, कल्याण डोंबिवली नगर निगम, नवी मुंबई नगर निगम और मीरा भयंदर नगर निगम के प्रमुखों को भी अदालत में पेश होना होगा। मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय और न्यायमूर्ति आरिफ डॉक्टर की खंडपीठ ने कहा कि उच्च न्यायालय द्वारा 2018 से निर्देश पारित किए गए हैं कि सभी नागरिक निकायों को सख्ती से यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया जाए कि सड़कों और फुटपाथों का रखरखाव किया जाए और उन्हें गड्ढा मुक्त रखा जाए।

अदालत ने कहा कि पांच साल हो गए हैं और ऐसा प्रतीत होता है कि आदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए नगर निकायों द्वारा पर्याप्त कार्रवाई नहीं की गई है। पीठ ने कहा, हमें यह समझाने के लिए बीएमसी आयुक्त और अन्य नगर निगमों के आयुक्तों की उपस्थिति की आवश्यकता है कि उन्हें अदालत के आदेशों की अवज्ञा और गैर-अनुपालन के लिए उत्तरदायी क्यों नहीं बनाया जाना चाहिए। अदालत एक वकील रूजू ठक्कर द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें मांग की गई थी कि मुंबई और पड़ोसी क्षेत्रों में सभी प्रमुख सड़कों पर गड्ढों की मरम्मत के निर्देश देने वाले 2018 के हाईकोर्ट के आदेशों को लागू करने में विफल रहने के लिए नागरिक अधिकारियों के खिलाफ अवमानना कार्रवाई शुरू की जाए। पीठ ने नगर निकायों की निष्क्रियता पर सवाल उठाया और कहा, 2018 में इस मुद्दे पर पहला आदेश पारित होने के बाद से पांच साल हो गए हैं और अभी भी नगर निकाय गड्ढों को हटाने में सक्षम नहीं हैं। अदालत ने सड़कों की खराब हालत, गड्ढों और मैनहोल के कारण दुर्घटनाओं की बढ़ती संख्या पर ध्यान दिया और कहा कि जब तक वरिष्ठ अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी नहीं बनाया जाएगा तब तक कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। पीठ ने कहा कि आयुक्त अदालत की अवमानना कर रहे हैं क्योंकि उन्होंने अदालत के आदेशों का पालन नहीं किया है। अदालत ने कहा, आदर्श रूप से हर मानसून से पहले, प्रत्येक नागरिक निकाय को अपने अधिकार क्षेत्र में गड्ढों और मैनहोल का सर्वेक्षण करना चाहिए।



## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### अराजकता की शिकार बनतीं स्त्रियां

आखिर क्यों स्त्री को ही हमेशा भुगतना पड़ता है? सदियों से क्यों स्त्री ही लांछित होती आई है और आज भी हो रही है? स्त्रियों ने कभी कोई युद्ध शुरू नहीं किया, परंतु इतिहास साक्षी है युद्ध से स्त्री ही सबसे अधिक प्रभावित हुई है। महाभारत में भरी सभा में द्रौपदी का चीरहरण हुआ। हाल में मणिपुर में भरे समाज में दो स्त्रियों को निर्वस्त्र करने की घटना सामने आई। स्त्री किसी भी समुदाय की होने से पहले एक स्त्री है। किसी भी स्त्री के साथ किया गया अपमान स्त्री जाति का अपमान है। स्त्री पर किया गया अत्याचार पूरी स्त्री जाति पर अत्याचार है। लज्जा से गड़ी जा रही हूं मैं उसे देख और सुनकर जो मणिपुर की महिलाओं के साथ हुआ। मणिपुर में जो हुआ, वह निंदनीय ही नहीं, मानवता के लिए कलंक है। इससे प्रदेश के साथ देश भी शर्मसार हुआ है।

मणिपुर हाई कोर्ट के एक फैसले की आड़ लेकर राज्य में तीन मई को हिंसा भड़की। उसने जल्द ही सांप्रदायिक रूप ले लिया। इस सांप्रदायिक हिंसा में मानवता बार-बार तारझतार हुई। इसके अगले दिन यानी यानी चार मई को पुरुषों के एक समूह द्वारा दो स्त्रियों की मर्यादा के साथ खिलवाड़ करते हुए दिल दहला देने वाली घटना घटित हुई। उसका वीडियो बीते दिनों सामने आया। इस वीडियो ने मन पर जो प्रभाव डाला, उसे बयान करने के लिए शब्द नहीं हैं। महिलाओं के साथ हैवानियत देखकर पूरा देश दुखी हुआ और शर्मिंदा भी। इस भयावह अपराध में शामिल सभी अपराधियों को सख्त से सख्त सजा दी जानी चाहिए। इन लोगों के लिए तो मौत की सजा भी बहुत कम है।

अभी तो एक वीडियो ही सामने आया है। कितनी ही घटनाएं अभी अंधेरे में हैं। उनका सामने आना बाकी है। चूड़चंदपुर, जो हिंसा का केंद्र बना, वहां के पुलिस स्टेशन में हिंसा, हत्या और महिलाओं से दुर्व्यवहार से संबंधित एक हजार से भी अधिक मामले दर्ज हुए हैं। कम आबादी वाले राज्य में यह छोटी संख्या नहीं है। विष्णुपुर जिले के कुंबी क्षेत्र में एक लड़की और उसकी दादी के साथ किए गए अत्याचार की जो खबर स्थानीय अखबारों में छपी, वह भी दिल दहलाने वाली थी। इसी तरह मोरेह में एक वृद्धा को जिंदा जला दिया गया। इंफाल से विष्णुपुर गई एक लड़की के साथ दुष्कर्म किया गया और फिर उसकी हत्या कर दी गई।

पहाड़ की तलहटी में बसे मैतेयी गांवों की स्त्रियों के साथ दुष्कर्म किए जाने की बात भी फैली। इस तरह के दंगों में अफवाहें भी बहुत फैलती हैं, इसलिए सभी घटनाओं की सघन जांच जरूरी है। उम्मीद है कि जांच जल्द अंजाम तक पहुंचेगी और अपराधियों को समय रहते सजा मिलेगी। यह हैरत की बात है कि चार मई को मणिपुर के साथ पूरे देश को शर्मसार करने वाली घटना के करीब एक महीने बाद इस केस को दर्ज किया गया। इस पर देश भर से प्रतिक्रिया आने के बाद ही कुछ लोगों को पकड़ा गया। यह अच्छा हुआ कि प्रधानमंत्री ने भी यह कहा कि इस निंदनीय अपराध में शामिल किसी को बख्शा नहीं जाएगा। बख्शा भी नहीं जाना चाहिए, लेकिन इस और इस जैसी अन्य घटनाओं के कारणों को भी खोजने की जरूरत है। आखिर ऐसी घटनाएं क्यों घटीं? स्थिति इतनी बिगड़ी तो क्यों?

मणिपुर पहले कभी वैसा नहीं था, जैसा आज दिखने लगा है। यहां स्त्रियां हमेशा से सुरक्षित और सशक्त रही हैं। अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाने में मणिपुर की स्त्रियां कभी पीछे नहीं रहीं। शक्तिशाली अंग्रेजी साम्राज्य की अन्यायपूर्ण नीतियों के खिलाफ यहां की स्त्रियां उठ खड़ी हुई थीं। बहुचर्चित स्त्री संघर्ष नुपी लान मणिपुर में ही छिड़ा था। यह संघर्ष मणिपुरी समाज में स्त्रियों की सशक्त स्थिति का प्रमाण है। इसी मणिपुर से स्त्रियों के प्रति अत्याचार की खबरें सुनकर बहुत दुख और कष्ट होता है, मगर दुख की अनुभूति करने भर से समस्या खत्म नहीं हो जाएगी। ऐसी घटनाएं सामने आ रही हैं तो उनकी उत्पत्ति के कारणों को समझना भी जरूरी है। कानून-व्यवस्था के होते हुए यदि आम लोगों पर अत्याचार होते हैं तो अत्याचारियों को सबक सिखाया जाना जरूरी है।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# राहुल गांधी गुजरात से शुरू करेंगे भारत जोड़ो यात्रा का दूसरा चरण...

# महाराष्ट्र में भी होगी कांग्रेस की पदयात्रा


मुंबई : कांग्रेस नेता राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा का दूसरा चरण गुजरात से शुरू करेंगे। यह यात्रा मेघालय में समाप्त होगी। वहीं, पुरे महाराष्ट्र में भी कांग्रेस अपनी पदयात्रा शुरू करेगी। महाराष्ट्र कांग्रेस प्रमुख नाना पटोले ने मंगलवार यह जानकारी दी। नाना पटोले ने कहा कि जब राहुल गांधी अपनी यात्रा शुरू करेंगे तो महाराष्ट्र कांग्रेस भी पूरे महाराष्ट्र में पदयात्रा शुरू करेगी।



मैं स्वयं विदर्भ में पदयात्रा का नेतृत्व करूंगा। पश्चिम विदर्भ में पदयात्रा का नेतृत्व विजय वडेट्टीवार करेंगे। बालासाहेब थोरात उत्तर महाराष्ट्र, मराठवाड़ा में अशोक चव्हाण, पश्चिमी महाराष्ट्र में पृथ्वीराज चव्हाण, मुंबई में वर्षा गायकवाड़ यात्रा का नेतृत्व करेंगी। जबकि कोंकण में सभी नेता पदयात्रा समाप्त करेंगे। पटोले ने आगे कहा कि पदयात्रा के बाद हम बस यात्रा शुरू करेंगे। बस यात्रा में भी हम पूरे महाराष्ट्र में घूमेंगे, बैठकें करेंगे, लोगों से बात करेंगे, केंद्र और राज्य सरकार की कमियों को लोगों तक पहुंचाएंगे और इससे आने वाले समय में महाराष्ट्र में बड़ा बदलाव आएगा। कांग्रेस के सूत्रों के मुताबिक राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्राका दूसरा चरण सितंबर में शुरू होने की संभावना है। कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के पहले चरण का उद्देश्य जमीनी स्तर पर भारत के लोगों से जुड़ना, उनकी चिंताओं को समझना और 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए समर्थन जुटाना था। यात्रा के पहले चरण के दौरान राहुल गांधी ने 150 दिनों से अधिक समय तक 14 राज्यों की पैदल यात्रा की। भारत जोड़ो यात्रा का पहला चरण पिछले साल सितंबर में तमिलनाडु में शुरू हुआ और कश्मीर में समाप्त हुआ।

यात्रा के पहले चरण के दौरान राहुल गांधी ने तमिलनाडु, केरल कर्नाटक, आंध्र प्रदेश तेलंगाना, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर को कवर किया। इस दौरान अभिनेता अमोल पालेकर, रिया सेन, स्वरा भास्कर, भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन, रिसर्च एंड एनालिसिस विंग के पूर्व प्रमुख एएस दुलत जैसी कई प्रमुख हस्तियां विभिन्न क्षेत्रों से अलग-अलग राज्यों में राहुल गांधी के साथ यात्रा में शामिल हुईं।

## महाराष्ट्र में ढाई लाख लोगों को हुआ आई फ्लू...



**महाराष्ट्र** : जैसा कि हम सब जानते है हर साल मानसून शुरू होते ही आंखों में संक्रमण (आई इन्फेक्शन) की शिकायतें बढ़ जाती हैं। जानकारी के लिए आपको बता दें कि महाराष्ट्र में पिछले कुछ दिनों में आंखों के संक्रमण से पीड़ित मरीजों की संख्या में भारी वृद्धि हुई है और महाराष्ट्र स्वास्थ्य विभाग ने घोषणा की है कि छह अगस्त तक महाराष्ट्र में दो लाख 48 हजार 851 मरीज हैं। नेत्र रोग विशेषज्ञों के अनुसार हर साल इस दौरान नेत्र रोगी देखे जाते हैं। दरअसल मेडिकल भाषा में इसे कंजंक्टिवाइटिस वायरल कहा जाता है। इसमें कुछ लाल और खुजली वाली आंखों से पीड़ित मरीजों को देख रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, जन स्वास्थ्य विभाग उन क्षेत्रों में स्वास्थ्य कार्यकताओं के माध्यम से घर-घर सर्वेक्षण करा रहा है, जहां आंखों में संक्रमण हो रहा है। जी हां मिली जानकारी के मुताबिक, आपको बता दें कि जिस क्षेत्र में नेत्र रोग का मामला चल रहा है, उस क्षेत्र के स्कूली बच्चों की आंखों की जांच की जा रही हो और फिर इस हिसाब से इलाज किया जा रहा है। यह महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा नेत्र संक्रमण वाले पांच जिले है जहां सबसे ज्यादा मरीज है।

## महाराष्ट्र के धुले में पुलिस को मॉक ड्रिल करना भारी पड़ा,

### युवक ने पुलिसकर्मी को जड़ा जोरदार थप्पड़...



**महाराष्ट्र** : महाराष्ट्र के धुले में पुलिस को मॉक ड्रिल करना भारी पड़ गया. जी मीडिया संवाददाता ने बताया कि मंदिर में पुलिस मॉक ड्रिल कर रही थी. मंदिर में डमी आंतकवादी मुंह पर कपड़ा बांधे और हाथ में राइफल लेकर घुस आए. इस दृश्य को देखकर मंदिर में मौजूद लोग सहम गए और बच्चे डरकर चीखने लगे. इससे नाराज एक शख्स ने डमी आतंकी यानी पुलिसकर्मी को थप्पड़ जड़ दिया. इसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है.

बताया जा रहा है कि पुलिसकर्मी डमी आतंकी बना था और मंदिर में किसी भी आतंकवादी घटना के समय आम लोगों को कैसे बचाया जाए इसके लिए अभ्यास किया जा रहा था. इस घटना से एक बच्चा काफी सहम गया. इससे नाराज बच्चे के पिता ने डमी आतंकी यानी पुलिसकर्मी को जोरदार थप्पड़ जड़ दिया. इस घटना के बाद अफरा-तफरी का माहौल बन गया. हालांकि बाद में मामला शांति किया गया.पुलिसकर्मियों को युवक को मॉक ड्रिल के बारे में बताया.

# मंदिर के पुजारी हत्या की दानपेटी लूट... आरोपियों को जेल

**दहिसर :** दहिसर के पास जंगल में स्थित वाघेश्वरी मंदिर में पिछले ३० वर्षों से पूजा करने वाले पुजारी रविदत्त पुरी (९३) की हत्या ६ मार्च २०१४ की रात कर दी गई थी। इस घटना की जानकारी तब हुई जब पूजा करने आए एक भक्त रमेशचंद्र नानजीभाई जेठवा ने मंदिर में प्रवेश किया। उन्होंने देखा कि मंदिर के पुजारी बाबा रवीदत्त महाराज खून से लथपथ पड़े हुए हैं। इस घटना की जानकारी उन्होंने तुरंत दहिसर पुलिस को दी जिसके बाद पुलिस ने बाबा को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बाबा रविदत्त महाराज के सर, गर्दन पर और पेट पर कई वार किए गए थे। प्राथमिक जांच में पुलिस को जानकारी मिली कि मंदिर से किसी भी तरह का



सामान चोरी नहीं हुआ है। इसके बाद पुलिस ने जांच क्राइम ब्रांच को सौंप दी। क्राइम ब्रांच पुलिस ने आस-पास के नागरिकों से और बाबा को जानने वाले भक्तों से पूछताछ की, लेकिन किसी भी तरह का सुराग नहीं मिला। इसी दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि बाबा प्रति वर्ष साल में एक बार गुजरात के जूनागढ़ स्थित महादेव मंदिर में दर्शन करने के लिए जाते थे। उनकी अनुपस्थिति में इस मंदिर में पूजा मौनी बाबा किया करते थे। पुलिस ने मौनी बाबा को सोलापुर से हिरासत में लिया और उनसे भी पूछताछ की, लेकिन किसी भी तरह का सुराग हाथ नहीं लगा। इसी बीच अपराध शाखा यूनिट १२ के पुलिस अधिकारी ऑस्कर कोलासो को जानकारी मिली कि बोरीवली के दो युवक इस हत्याकांड में शामिल हो सकते हैं। इसके बाद पुलिस ने बोरीवली पूर्व से दोनों संदिग्धों रवि फूलन पटेल (२६) तथा संदीप रोहिदास निपोटे (३२) को हिरासत में लेकर जब पूछताछ की तो उन्होंने हत्या करने की बात स्वीकार कर ली।

उन्होंने पुलिस को बताया कि हत्या से पहले मंदिर में महाशिवरात्रि उत्सव का आयोजन किया गया था। इस उत्सव के दौरान हजारों की संख्या में भक्त मंदिर में आए थे। इस की जानकारी वहां लकड़ी बेचने वाले आरोपी रवि पटेल को थी। जिस के बाद उसने संदीप निपोटे के साथ मिलकर मंदिर की दानपेटी को लूटने का प्लान बनाया। प्लान के अनुसार, ६ मार्च की रात को मंदिर की दानपेटी को चोरी करते समय बाबा रविदत्त महाराज ने देख लिया और इसका विरोध करने लगे। तभी दोनों आरोपियों ने बाबा पर लाठी और चाकू से हमला कर उनकी हत्या कर दी। हत्या के बाद दोनों लोग दानपेटी लेकर भाग गए। इसके बाद पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। अब दोनों जेल की हवा खा रहे हैं।

# लोकल ट्रेन में तकनीकी खराबी के चलते उपनगरीय सेवाएं प्रभावित...

**मुंबई :** मुंबई में मध्य रेलवे की मुख्य लाइन पर लोकल ट्रेन में तकनीकी खराबी आ जाने के कारण बुधवार सुबह उप नगरीय सेवाएं 10 से 15 मिनट की देरी से चलीं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इसके अलावा एक एक्सप्रेस ट्रेन की चेन खींचे जाने और एक महिला यात्री द्वारा लोकल ट्रेन के मोटरमैन के केबिन (जहां से लोको पायलट ट्रेन को चलाता है) में जबरन यात्रा करने के प्रयास के चलते भी ट्रेन सेवा प्रभावित हुई। मध्य रेलवे के मुख्य जन संपर्क अधिकारी डॉ. शिवराज मानसपुरे ने बताया कि दक्षिण मुंबई में छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) की ओर जाने वाली एक फास्ट लोकल ट्रेन तकनीकी खराबी के कारण भांडुप-नाहुर खंड में 20 मिनट तक रुकी रही। उन्होंने बताया



कि इसके अलावा सोलापुर-सीएसएमटी एक्सप्रेस की चेन खींचे जाने के कारण ट्रेन पड़ोसी जिले ठाणे के बदलापुर स्टेशन पर खड़ी हो गई। अधिकारी ने बताया कि एक अन्य घटना में ठाणे के दिवा स्टेशन पर एक महिला यात्री मुंबई जाने वाली लोकल ट्रेन के मोटरमैन के केबिन में जबरन चढ़ गई, जिसके कारण सुबह छह बजकर 52 मिनट से सुबह सात बजकर पांच मिनट तक ट्रेन बाधित रहीं। उन्होंने कहा, ''हम यात्रियों से अपील करते हैं कि वे ट्रेन की चेन न खींचें और मोटरमैन या गार्ड के केबिन में न चढ़ें।

# फर्जी नोट रखने के जुर्म में एक व्यक्ति को सात साल का कठोर कारावास...

**ठाणे :** महाराष्ट्र में ठाणे जिले की एक अदालत ने 1.75 लाख रुपये मूल्य के फर्जी नोट रखने के जुर्म में एक व्यक्ति को सात साल की कठोर सजा सुनायी है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ए एन सिरसिकर ने दो अगस्त को दिए आदेश में दोषी मोहम्मद बाबर सिराजुल अली (27) पर 1,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया। इस आदेश की प्रति बुधवार को उपलब्ध हुई है। अभियोजन ने अदालत को बताया कि 29 दिसंबर 2017 को आरोपी के पास 1.75 लाख रुपये मूल्य के फर्जी नोट पाए गए थे और उसे गिरफ्तार कर लिया गया था। अदालत को बताया कि उसे महबूब जलाउद्दीन शेख और आलम जलाउद्दीन शेख नामक व्यक्तियों से ये नोट मिले थे जो फरार हैं। अदालत ने आदेश दिया कि अभियुक्त द्वारा जेल में अभी तक बितायी गयी अवधि को सजा में शामिल किया जाए।

# राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता बहाल...



**मुंबई :** सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता बहाल कर दी है। अब उनसे जुड़ी एक और बड़ी खबर आई है कि राहुल को वही सरकारी बंगला आबंटित कर दिया गया है, जिसमें वह सांसदी जाने से पहले रहते थे। यानी आनेवाले कुछ दिनों में राहुल १२ तुगलक लेन वाले बंगले में ही रहेंगे।

लोकसभा की हाउस समिति द्वारा राहुल की सदस्यता बहाल होने के बाद कल मंगलवार को उनको पुराना सरकारी आवास १२ तुगलक लेन का बंगला आबंटित कर दिया गया है। इसके बाद कल जब मीडिया वालों ने उनसे बंगला मिलने के बाबत सवाल पूछा तो राहुल गांधी ने कहा कि पूरा हिंदुस्तान मेरा घर है!

१२, तुगलक लेन बंगले से राहुल गांधी की खास यादें जुड़ी हैं। वह बतौर सांसद बीते १९ साल से इसी बंगले में रह रहे थे। बंगला खाली करते हुए राहुल गांधी ने कहा था कि मैंने सच बोलने की कीमत चुकाई है। बता दें कि सूरत की एक अदालत ने 'मोदी उपनाम' टिप्पणी मानहानि मामले में राहुल गांधी को दोषी ठहराते हुए दो साल की सजा दी थी। इसके बाद राहुल गांधी को सांसद के रूप में अयोग्य ठहराया गया था और उन्हें आधिकारिक आवास खाली करना पड़ा था। २४ मार्च को अयोग्य ठहराए जाने के एक महीने बाद राहुल गांधी ने २२ अप्रैल को अपना आवास खाली कर दिया था। उसके बाद हाईकोर्ट, सुप्रीम कोर्ट में लंबी लड़ाई लड़ने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने उनकी सांसद की सदस्यता बहाल कर दी। उसके बाद वे लोकसभा अधिवेशन में भाग लिया। इसके साथ ही उनके पुराने बंगले को भी उन्हें आबंटित कर दिया गया।

# पति का अपमान करती थी पत्नी, हाईकोर्ट ने दंपति को दिलाया तलाक

**मुंबई :** कर्नाटक हाईकोर्ट ने पत्नी द्वारा पति के डार्क स्किन को लेकर बार-बार अपनाम करने को क्रूरता मानते हुए इसे तलाक के लिए एक मजबूत कारण माना। इस पैछसले में ४४ वर्षीय व्यक्ति ने अपनी ४१ वर्षीय पत्नी के खिलाफ पैछमिली कोर्ट में तलाक को लेकर केस फाइल किया था। हाईकोर्ट ने कहा कि रिकॉर्ड पर मौजूद सबूतों की बारीकी से जांच करने पर यह भी निष्कर्ष निकलता है कि पत्नी इस आधार पर पति का अपमान करती थी कि वह काला है और इसी कारण से वह बिना किसी कारण के पति से दूर चली गई है। धारा १३ (१) (ए) हिंदू विवाह अधिनियम के तहत विवाह विच्छेद की याचिका की अनुमति देते हुए हाईकोर्ट ने कहा कि इस पहलू को छिपाने के लिए, (उसने) पति के खिलाफ अवैध संबंधों के झूठे आरोप लगाए हैं। ये तथ्य निश्चित रूप से क्रूरता का कारण बनेंगे।



बेंगलुरु के इस जोड़े की शादी साल २००७ में हुई थी और दोनों की एक बेटी है। साल २०१२ में पति ने तलाक के लिए बेंगलुरु की एक पैछमिली कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। दंपति की अपील पर जस्टिस आलोक अराधे और जस्टिस अनंत रामनाथ हेगड़े की खंडपीठ ने फैसला सुनाया।

हाईकोर्ट ने कहा कि यह पति का मामला है कि पत्नी उसे यह कहकर अपमानित करती थी कि उसका रंग काला है। उसने आगे कहा है कि पति बच्चे की खातिर अपमान सहता था। पत्नी ने अपने पति और ससुराल वालों के खिलाफ आईपीसी की धारा ४९८ए (एक विवाहित महिला के साथ क्रूरता करना) के तहत केस दर्ज कराया था। महिला ने घरेलू हिंसा अधिनियम के तहत भी केस दर्ज कराया और बच्चे के साथ अपने माता-पिता के साथ रहने चली गई।

हालांकि, पत्नी ने पैछमिली कोर्ट में पति के लगाए गए आरोपों से इनकार किया था और बदले में आरोप लगाया था कि यह पति और उसके परिवार के सदस्य थे जो उसके साथ दुर्व्यवहार कर रहे थे और उसके साथ क्रूरता कर रहे थे। पत्नी ने आरोप लगाया था कि ससुराल वालों ने उससे दहेज की मांग की और उसे बच्चे के साथ बाहर नहीं जाने दिया। साथ ही पत्नी ने यह भी आरोप लगाया कि उसके पति का किसी अन्य महिला के साथ अवैध संबंध है और उससे उसका एक बच्चा भी है।

# मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन में हैं देश के सबसे महंगे घर,

## बीते 5 सालों में 27 फीसदी बढ़ी घरों की कीमत, यह बात हाल ही में जारी एक रिपोर्ट में सामने आई है



**मुंबई:** देश में सबसे ज्यादा महंगे घर यदि कहीं है, तो वह है मुंबई मेट्रो पोलिटन रीजन यानी टटफ। यह बात हाल ही में जारी एक रिपोर्ट में सामने आई है। रिपोर्ट के अनुसार, टटफ में हर श्रेणी के घर चाहे वह अफोर्डेबल हों, मिड सेगमेंट हों या लग्जरी, सबकी कीमत देश के 7 बड़े शहरों में सबसे ज्यादा है। रियल एस्टेट रिसर्च फर्म एनारॉक के मुताबिक, देश के टॉप-7 शहरों में पांच सालों में लग्जरी घरों की औसत कीमतों में 24 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है, वहीं टटफ में यह 27 फीसदी है।

यह है बाकी शहरों का हाल

- पिछले 5 सालों में लग्जरी घरों के मामले में हैदराबाद सबसे महंगा साबित हुआ। हैदराबाद में 2018 में औसत कीमत 7,450 रुपये प्रति वर्ग फुट थी, जो 2023 में 42% बढ़कर 10,580 रुपये वर्ग फुट हो गई।

- इसके बाद बेंगलूरू में कीमत 10,210 रुपये से बढ़कर 12,970 रुपये और टटफ में 27% बढ़कर 23,119 रुपये से 29,260 रुपये वर्ग फुट हो गई है। - दिल्ली-ठउफ में लग्जरी घरों की कीमत 22% , पुणे में 19%, चेन्नई में 15 % और कोलकाता में 12% बढ़ी है।

# ठाणे की सड़कें साफ कर रहा गुजराती ठेकेदार...!

## महाराष्ट्र में सियासत, निशाने पर आए एकनाथ शिंदे

**ठाणे:** ईस्टर्न एक्सप्रेस वे सहित ठाणे की प्रमुख सड़कों की सफाई का ठेका गुजरात की कंपनी को दिए जाने को लेकर राजनीति गरमा गई है। स्वीपिंग मशीन को लेकर घूमने वाली गुजरात पासिंग गाडी का फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इसके बाद शहर में यह चर्चा का विषय बना गया है। ठाणे के तमाम लोगों का सवाल है कि क्या महाराष्ट्र में कोई सफाई कंपनी नहीं है, जो गुजरात के ठेकेदार को ठेका देना पड़ा? लोगों का यह भी कहना है कि राज्य में गुजरात लॉबी की मदद से आघाडी सरकार को गिराकर शिंदे सरकार को स्थापित किया गया और अब काम का ठेका भी गुजरात को दे



दिया गया है। शिवसेना (यूबीटी) के ठाणे उप जिला प्रमुख पूर्व नगरसेवक संजय घाडीगांवकर ने इस मुद्दे को लेकर एकनाथ शिंदे पर निशाना साधा है। घाडीगावकर ने कहा है कि जिसने खुद का स्वाभिमान गुजरात में गिरवी रख दिया है, वह शहर और राज्य का क्या भला करेगा? इस बारे में मनपा के किसी भी अधिकारी ने कुछ कहने से इनकार कर दिया।

एक अधिकारी ने इस बात की पुष्टि की कि सफाई काम का ठेका जिस कंपनी को दिया गया है, वह गुजरात की है और इस कंपनी को यह काम एक साल के लिए दिया गया है। 17 जून 2023 को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के हाथों दो स्वीपिंग मशीन का लोकार्पण हुआ था। चार और स्वीपिंग मशीनें अगले कुछ दिन में आने वाली हैं। मशीनें सड़क पर पड़ा कचरा, धूल को साफ करेंगी। क्षेत्र की मुख्य सड़कों और कंक्रीट सड़कों की सफाई स्वीपिंग मशीन से की जाएगी। आयुक्त अभिजीत बांगर ने बताया था कि मशीनी सफाई मैन्युअल सफाई का विकल्प नहीं है। लेकिन, जो मैनपावर बचेगा उसे दूसरी जगह इस्तेमाल किया जाएगा।

## मेट्रो सिनेमा के पास खेल उपकरणों की दुकान में आग लगी... कोई हताहत नहीं



**मुंबई :** दक्षिण मुंबई में मेट्रो सिनेमा के पास एक खेल उपकरणों की दुकान में बुधवार दोपहर आग लग गई। अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह घटना धोबी तलाव इलाके में पांच मंजिला चमन चैंबर्स के भूतल पर स्थित एक दुकान में घटी। घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। उन्होंने बताया कि आग लगने की सूचना मिलने के बाद तीन फायर इंजन सहित दमकल विभाग की पांच गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने की कोशिश जारी है। दुकान शहर के मेट्रो सिनेमा के नजदीक है।

# ठाणे रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की भीड़,

## 15 दिन में तैयार होगा नया पुल




**ठाणे :** ठाणे रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म क्रमांक ९ और १० से मुंबई दिशा में पैदल यात्री पुल को जोड़ने के लिए सीढ़ी का निर्माण किया जा रहा है। यह सीढ़ी अगले १५ दिनों में बनकर तैयार हो जाएगी।प्लेटफॉर्म नंबर ९ और १० में मुंबई दिशा में पैदल यात्री पुल पर नई सीढ़ी का निर्माण किया जा रहा है। रेलवे प्रशासन ने संभावना जताई है कि सीढ़ियों पर भीड़ भी नियंत्रण में आ जाएगी। बता दें कि नई मुंबई के ऐरोली, रबाले, घनसोली और तुर्भे इलाकों में बड़ी संख्या में राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय कंपनियां और कारखाने हैं। ठाणे से कर्जत, कसारा और मुलुंड, भांडुप इलाकों से लाखों यात्री प्रतिदिन ठाणे रेलवे स्टेशन से ट्रांस हार्बर होते हुए नई मुंबई जाते हैं। ट्रांस हार्बर मार्ग पर नेरुल, वाशी और पनवेल की ओर २५० से अधिक ट्रेनें चलती हैं। सबसे ज्यादा यात्राएं वाशी की ट्रेनों की होती हैं। ठाणे रेलवे स्टेशन पर ट्रेनें प्लेटफॉर्म नंबर ९ और प्लेटफार्म '१०-१०ए' पर रुकती हैं। '१०ए' पर उतरनेवाले यात्री सीधे कोपरी यानी ठाणे-पूर्व से बाहर निकल सकते हैं। हालांकि प्लेटफॉर्म नंबर ९-१० से जुड़ा है, लेकिन इस प्लेटफॉर्म की रचना उसी दिशा में है। इसलिए अगर ट्रेन प्लेटफॉर्म नंबर ९ पर रुकेगी तो यात्रियों की भारी भीड़ एक ही प्लेटफॉर्म पर उतरेगी, जिससे यात्रियों को समस्या होगी।

# धार्मिक वेबसाइट पर कमेंट कर भारत में बम विस्फोट करने और पीएम को मारने की धमकी मिली, केस दर्ज

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के पुणे के एक व्यक्ति ने एक धार्मिक वेबसाइट पर टिप्पणी कर भारत में बम विस्फोट करने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हत्या करने की धमकी दी है। पुलिस ने बताया कि छह अगस्त को वेबसाइट पर कथित तौर पर टिप्पणी पोस्ट करने वाले एमए मोकीम नाम के व्यक्ति के खिलाफ पुणे के अलंकार पुलिस थाने में भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस ने बताया कि पुणे जिला निवासी राहुल दुधाने हिंदू




धर्म के तथ्यों से संबंधित वेबसाइट का संचालन करते हैं। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि छह अगस्त को दुधाने अपने बेटे के इलाज के लिए यहां एक निजी अस्पताल गया था। अधिकारी के अनुसार, अपनी वेबसाइट की जांच के दौरान दुधाने को एमए मोकीम की एक टिप्पणी मिली, जिसमें कहा गया था, ''मैं भारत में गंभीर बम विस्फोट की योजना बनाऊंगा। मैं आतंकवादी संगठनों को धन मुहैया कराऊंगा। मैं हिंदू धर्म को नष्ट कर दूंगा। मैं नरेंद्र मोदी को भी मार डालूंगा।'

दुधाने ने इसके बाद पुलिस नियंत्रण कक्ष को फोन किया और टिप्पणी के बारे में सूचित किया। पुलिस उपायुक्त सुहैल शर्मा (जोन तीन) ने कहा कि यह धमकी वेबसाइट पर एक खुली टिप्पणी के रूप में दी गई है।

# टाटा पावर ने महाराष्ट्र में 13,000 करोड़ रुपये निवेश करने की योजना बनाई

**मुंबई:** टाटा पावर ने मंगलवार को महाराष्ट्र में दो पंप वाली हाइड्रो स्टोरेज परियोजनाएं (पीएसपी) स्थापित करने के लिए 13,000 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की। निवेश के लिए कोई समयसीमा साझा किए बिना, कंपनी ने कहा कि दोनों परियोजनाओं की संयुक्त क्षमता 2,800 मेगावाट होगी। पीएसपी क्या है, यह बताते हुए कंपनी के एक बयान में कहा गया है कि अतिरिक्त ऊर्जा के समय पानी को निचले जलाशय से उच्च जलाशय में पंप किया जाएगा, और उसी पानी का उपयोग चरम मांग के दौरान बिजली पैदा करने के लिए निचले स्तर पर स्थित टर्बाइनों को बिजली देने के लिए किया जाएगा। दो पीएसपी शिरावता, पुणे (1,800 मेगावाट) और भिवपुरी में स्थापित किए जाएंगे। रायगढ़ (1,000 मेगावाट) और 6,000 लोगों के लिए रोजगार पैदा करता है।

# कई राज्यों से ज्यादा बजट, देश की सबसे अमीर महानगरपालिका

## फिर भी अस्पतालों में है गंदगी और दवाओं की किल्लत

### एएमसी खुद मरीज बनकर पहुंच रहे हैं जानने मरीजों का हाल, गंदगी, जांच और दवाओं की कमी दूर करने के जारी किए निर्देश

**मुंबईः बीएमसी अस्पतालों में अक्सर गंदगी, दवाओं की कमी और कुछ जांच के लिए मरीजों को निजी लैब में भेजा जाता है। इसे लेकर बीएमसी की काफी आलोचना भी होती है। बीएमसी अस्पतालों से जुड़े सूत्रों की मानें, तो उक्त खामियां स्वास्थ्य विभाग के अडिशनल म्युनिसिपल कमिश्नर को भी उनके औचक निरीक्षण के दरम्यान मिली है। इन खामियों को दूर करने और मरीज को सफाई से लेकर दवाएं मुहैया कराने तक की सुविधा मिले, इस पर जोर दिया जा रहा है।**



अस्पताल में बदलाव लाने के इस मिशन में सभी की जिम्मेदारियां निर्धारित की जा रही हैं। यदि जिम्मेदारियों से चूके, तो फिर कार्रवाई के लिए भी तैयार रहने का संकेत आला अधिकारियों द्वारा दिया गया है। बीएमसी के अस्पतालों में बदलाव लाने के लिए खुद अडिशनल म्युनिसिपल कमिश्नर मिशन पर उतर गए हैं। फिर चाहे दिन हो या रात, एएमसी अस्पतालों में दस्तक दे रहे हैं। कभी वह मरीज बनकर अस्पताल पहुंच रहे हैं, तो कभी ऐसी ही एक आम आदमी की तरह वॉर्ड, कैजुअल्टी व अस्पताल के परिसर में घूमते नजर आते हैं। वे इतनी सादगी से आते हैं कि उन्हें पहचानना मुश्किल होता है। अस्पताल के कर्मचारियों ने बताया कि उन्होंने वॉर्ड में कुत्ते और बिल्ली को घूमते देखा, इसके अलावा गंदगी पर भी अधिकारियों को बुलाया और सख्त निर्देश दिए। नाम न छापने की शर्त पर एक अस्पताल के डीन ने बताया कि अस्पताल में एएमसी के औचक निरीक्षण के चलते सभी चुस्त-दुरुस्त हो गए हैं। साफ-सफाई पर भी ध्यान दिया जा रहा है। निजी लैब में मरीजों को टेस्ट के लिए न भेजा जाए, इसे लेकर भी डॉक्टरों को सूचित किया गया है, खासकर वो टेस्ट जो अस्पताल में उपलब्ध है।

**1) मैटरनिटी होम में नहीं मिला टीटी इंजेक्शन**

बीएमसी के एडिशनल म्युनिसिपल कमिश्नर सुधाकर शिंदे हाल ही में चेंबूर के एक मैटरनिटी होम में गए थे। वहां उन्होंने पूछताछ की, तो उन्हें पता चला कि सर्जरी के दौरान लगाए जाने वाले टीटी इंजेक्शन का स्टॉक ही नहीं था। इसके बाद एएमसी ने स्वास्थ्य अधिकारी से इंजेक्शन क्यों उपलब्ध नहीं है? इसकी जानकारी मांगी है।

**2) टेस्ट के लिए भेजा बाहर, तो खरीदवाए किट**

सायन अस्पताल में औचक निरीक्षण के लिए एएमसी खुद पेशंट बनकर गए थे। वहां उन्हें पता चला कि एचआईवी, हेपेटाइटिस की जांच के लिए बाहर लैब में भेजा जाता है। ऐसा इसलिए, क्योंकि एलाइजा टेस्ट एक निर्धारित समय तक ही होता है। निजी लैब में उक्त टेस्ट रैपिड किट से किया जाता है। एएमसी ने वहां संबंधित विभाग के प्रमुख को बुलाकर रैपिड किट खरीदने का निर्देश दिया और कहा कि मरीज को बाहर टेस्ट के लिए नहीं भेजा जाए।

**3) आपका वॉर्ड, आपकी जिम्मेदारी**

साफ-सफाई को लेकर डीन को निर्देश देने के बाद एएमसी ने अस्पतालों के करीब 20 से 25 मेट्रोन और असिस्टेंट मेट्रोन को बुलाया। पहली बार मरीजों की देखभाल करने वाली नर्सेस के वरिष्ठों को बीएमसी मुख्यालय में बुलाया गया। उन्हें निर्देश दिया गया कि नर्सेस की जिस वॉर्ड में ड्यूटी लगती है, वहां उन्हें इस बात पर ध्यान देना होगा कि वॉर्ड में साफ-सफाई कराने की जिम्मेदारी उनकी है। यदि इस काम में कोई आनाकानी करता है, तो वह वरिष्ठ या फिर डायरेक्ट एएमसी को सूचित कर सकते हैं।

#### बीएमसी के एडिशनल म्युनिसिपल कमिश्नर डॉ. सुधाकर शिंदे बोले

**अस्पताल में मरीज को साफ-सफाई और ट्रीटमेंट चाहिए। कुछ कमियां पाई गई हैं, जिन्हें दूर करने के लिए सभी के सहयोग की जरूरत है। डॉक्टरों को निर्देश दिए गए हैं कि वे उन दवाओं की सूची तैयार करें, जो शेड्यूल में नहीं हैं और मरीजों को ज्यादा लिखी जाती हैं। हम उन्हें शेड्यूल में लाने का प्रयास करेंगे। अस्पताल में जो टेस्ट आमतौर पर नहीं होते, उनकी भी सूची बनाने को कहा है। हमारा प्रयास मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराना है।**

# महाराष्ट्र की भाजपा नेता सना खान जबलपुर पहुंचकर लापता

## परिजनों ने पति पर लगाया हत्या का आरोप

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चा की नेता सना खान जबलपुर से लापता हो गई हैं। सना खान के परिजन उसकी तलाश में जुटे हैं। मंगलवार को मध्य प्रदेश के गोराबाजार पुलिस ने जानकारी दी कि अभी तक सना खान का कोई सुराग नहीं मिला है। परिजनों ने सना खान की हत्या की आशंका जताई है।



**इमरान और उसके पति के बीच हुआ था झगड़ा**

नागपुर के मानकपुर इलाके से ताल्लुक रखने वाली सना खान ने छह महीने पहले बिलहरी निवासी ढाबा संचालक अमित सिंह (पप्पू) से विवाह किया था। एक अगस्त को वह अपनी मां को बताकर जबलपुर के लिए निकलीं थी। दो अगस्त को सना ने रिश्तेदार इमरान को फोन कर जबलपुर पहुंचने की जानकारी दी। इसी दिन शाम को सना ने इमरान से फोन पर बातचीत करते हुए अपने पति द्वारा मारपीट की बात कही। इमरान ने ये जानकारी सना की मां को दी। मेहरुन्निसा ने सना से जब बात करने की कोशिश की तो उसके तीनों मोबाइल फोन बंद मिले। इसके बाद मेहरुन्निसा ने सना के पति को फोन किया। अमित साहू ने बताया कि दोनों के बीच झगड़ा हुआ और सना अकेले घर से निकल गई।

#### सना के पति पर लगाया गया हत्या का आरोप

**मंगलवार को सना के भाई मोसिन, मोबिन खान गोराबाजार थाने पहुंचकर पुलिस को बताया कि अमित ने उनकी बहन की हत्या कर दी और शव को हिरण नदी में फेंक दिया। पुलिस ने कुछ सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले हैं। मोसिन और मोबिन का आरोप है कि ढाबे में काम करने वाले एक नौकर ने उन्हें जानकारी दी कि दो अगस्त को अमित अपनी कार लेकर पहुंचा था, जिसकी डिक्की में खून लगा था। पुलिस ने जानकारी दी कि वो इस मामले की जांच कर रही है।**

# एनसीपी चीफ शरद पवार में प्रधानमंत्री बनने की काबिलियत थी लेकिन कांग्रेस ने...

## एनडीए की मीटिंग में मोदी ने कही बड़ी बात

**मुंबईः** शरद पवार एक ऐसे नेता हैं जिनका महाराष्ट्र और देश की राजनीति में अहम स्थान है। शरद पवार ने महाराष्ट्र समेत देश की राजनीति में अपनी अलग छाप छोड़ी है। शरद पवार की सियासी रणनीति अच्छे-खासे लोगों को भ्रमित करने का माद्दा रखती है। लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद जब भी प्रधानमंत्री पद के दावेदार की बात आती है तो अक्सर शरद पवार का नाम सबसे पहले आता है। लेकिन राजनीति और कूटनीति का अच्छा ज्ञान होने के बावजूद उन्हें प्रधानमंत्री नहीं बनने दिया गया। मंगलवार को दिल्ली के महाराष्ट्र सदन में 'महाराष्ट्र एनडीए' की बैठक हुई। जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह बात कही। मोदी ने कहा कि शरद पवार में प्रधानमंत्री बनने की क्षमता



थी लेकिन कांग्रेस ने ऐसा होने नहीं दिया। इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई मुद्दों पर टिप्पणी की। पीएम मोदी ने महाराष्ट्र की मौजूदा राजनीति पर भी अपनी बात रखी। एनडीए की बैठक में प्रधानमंत्री शिवसेना-बीजेपी गठबंधन टूटने पर भी बोले।

मोदी ने कहा कि साल 2019 में उद्धव ठाकरे ने बीजेपी से गठबंधन तोड़ दिया था। मोदी ने यह भी कहा कि बीजेपी ने यह गठबंधन नहीं तोड़ा था। एनडीए सांसदों के सामने प्रधानमंत्री मोदी ने देश में एनडीए छोड़ने वाली पार्टियों पर भी बात की। उन्होंने सभी से एनडीए में बने रहने की भी अपील की। मोदी ने कहा कि बीजेपी कांग्रेस की तरह अहंकारी नहीं है इसलिए बीजेपी को जनता फिर चुनेगी। इस बैठक में अजित पवार गुट से प्रफुल्ल पटेल मौजूद थे।

**लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटने का निर्देश**

प्रधानमंत्री मोदी यहीं नहीं रुके उन्होंने उद्धव गुट के मुखपत्र सामना अखबार पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि साल 2014 से शिवसेना एनडीए के साथ सत्ता में थी। तब भी सामना में अक्सर बीजेपी की आलोचना की जाती थी। लेकिन बीजेपी ने इसपर कुछ नहीं बोला। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटने का भी निर्देश दिया।




# राहुल गांधी को पुराना सरकारी बंगला वापस मिला

## हाउसिंग कमेटी ने अलॉट किया 12 तुगलक लेन, राहुल बोले- मेरा घर पूरा हिंदुस्तान

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को मंगलवार को पुराना सरकारी बंगला 12 तुगलक लेन वापस मिल गया। संसद की हाउसिंग कमेटी ने राहुल की सांसदी बहाल होने के एक दिन बाद बंगला अलॉट किया। राहुल यह बंगला लेंगे या नहीं, इस पर उन्हें 8 दिन में जवाब देना होगा। राहुल जब कांग्रेस मुख्यालय पहुंचे तो उनसे बंगला वापस मिलने पर सवाल किया गया। इस पर राहुल ने कहा- मेरा घर पूरा हिंदुस्तान है। 12 तुगलक लेन में राहुल गांधी 19 साल रहे। मोदी सरनेम मामले में 2 साल की सजा मिलने के बाद 22 अप्रैल 2023 को उन्हें ये बंगला खाली करना पड़ा था।



### 2005 में अलॉट हुआ था 12, तुगलक लेन बंगला

राहुल गांधी 2004 में पहली बार अमेठी से सांसद बने। तब तक वो अपनी मां के साथ 10 जनपथ स्थित बंगले में रहते थे। सांसद बनने पर 2005 में उन्हें पहली बार 12 तुगलक लेन वाला बंगला अलॉट किया गया था।

ये दिल्ली के लुटियंस जोन में स्थित टाइप-8 बंगला है, जो हाइएस्ट कैटेगरी है। इस आलीशान बंगले में 5 बेडरूम, 1 हॉल, 1 डायनिंग रूम, 1 स्टडी रूम और सर्वेंट क्वार्टर हैं। राहुल गांधी इस बंगले में एक प्राइवेट गृह प्रवेश के बाद शिफ्ट हुए थे। इस सेरेमनी में सोनिया, प्रियंका, रॉबर्ट समेत उनके करीबी लोग ही शामिल थे। इसकी कोई सार्वजनिक तस्वीर मौजूद नहीं है। राहुल ने इसी साल 26 फरवरी को कांग्रेस के 85वें अधिवेशन में बताया था कि मेरे पास कोई घर नहीं है।

# ड्रोन बनाने में चाइनीज पार्ट नहीं होंगे इस्तेमाल, सरकार ने लगाई रोक



**नई दिल्ली।** भारत में पैर परास रहे चीनी बाजारों पर सरकार पहले से ही सख्त है। सरकार अब सैन्य निर्माणों में भी चीन में बने सामानों की मदद नहीं लेना चाहती है। सरकार ने सैन्य ड्रोन के भारतीय निर्माताओं को चीन में बने घटकों का उपयोग करने से प्रतिबंधित कर दिया है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, सुरक्षा कमजोरियों पर गंभीर चिंताओं के बाद यह निर्णय लिया गया। चार रक्षा और उद्योग अधिकारियों के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि देश के सुरक्षा को मद्देनजर रखते हुए ड्रोन के संचार कार्यों, मानव रहित हवाई वाहन के कैमरे, रेडियो ट्रांसमिशन और ऑपरेटिंग सॉफ्टवेयर जैसी तकनीकों का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा। चीन में बने पार्ट्स को प्रतिबंधित करने का निर्णय ऐसे वक्त पर आया जब भारत और चीन के बीच माहौल काफी गर्म है। मई 2020 में पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर भारतीय सेना और बीजिंग की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के बीच झड़पों की खबर सामने आई थी। रॉयटर्स की रिपोर्ट आगे बताती है कि देश में ड्रोन टेंडरों पर चर्चा के लिए फरवरी और मार्च में दो बैठकें बुलाई गईं, जहां, भारतीय सैन्य अधिकारियों बताया, भारत के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले देशों के उपकरण या उप-घटक सुरक्षा कारणों से स्वीकार्य नहीं होंगे। अधिकारियों के बयान का मतलब जरूरी रूप से चीन में बने उपकरण और सामानों से है।

# राज्य सरकार सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध : मुख्यमंत्री

## सत्य साई हार्ट अस्पताल अहमदाबाद में कराया जाएगा निः शुल्क उपचार

भोपाल। मुख्यमंत्री ने कहा है कि राज्य सरकार सुलभ स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। बच्चों में जन्मजात हृदय विकार का उपचार माता-पिता सरलता से करा सकें और विशेषज्ञ सेवाएँ उपलब्ध हों, इसी उद्देश्य से प्रशांति मेडिकल सर्विस एडं रिसर्च फाउंडेशन के साथ एम.ओ.यू. किया जा रहा है।



मुख्यमंत्री निवास कार्यालय समत्व में फाउंडेशन और राज्य शासन की ओर से लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के मध्य हुए एम.ओ.यू. के अवसर पर संबोधित कर रहे थे। लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी, अपर मुख्य सचिव मोहम्मद सुलेमान, आयुक्त स्वास्थ्य सुदाम खाड़े तथा प्रशांति मेडिकल सर्विस एंड रिसर्च फाउंडेशन के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### प्रदेश के प्रभावित बच्चों को मिलेगी राहत

मुख्यमंत्री ने कहा कि वैष्णव जन को तेने कहिए-पीर पराई जाने ते के सिद्धांत पर कार्य कर रहे फाउंडेशन की इस पहल से प्रदेश के प्रभावित बच्चों को बड़ी राहत मिलेगी। एक हजार जीवित बच्चों में से लगभग 9 बच्चों में जन्मजात हृदय विकार की समस्या रहती है, जिसके उपचार पर एक लाख से पाँच लाख रूपए तक का व्यय आता है। अतः गरीब और निम्न मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए यह इलाज कठिन हो जाता है। रोग की समय पर पहचान तथा सही उपचार मिलने पर बच्चे अपना सामान्य जीवन व्यतीत कर सकते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रदेश में मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना संचालित करने का निर्णय लिया गया। योजना में नारायणा हृदयालय मुम्बई, चिरायु अस्पताल भोपाल, अरविंदो अस्पताल इंदौर में बच्चों के उपचार की व्यवस्था की गई। राज्य सरकार ने वर्ष 2019 में प्रशांति मेडिकल सर्विस एंड रिसर्च फाउंडेशन के साथ दो वर्ष के लिए अनुबंध किया और कुल 117 बच्चों को निःशुल्क उपचार प्रदान किया गया। अब पुनः एम.ओ.यू. हो रहा है।

# मुख्यमंत्री से की उद्योगपतियों ने भेंट

## प्रदेश में होगा 4 हजार करोड़ से अधिक का निवेश

मुख्यमंत्री से आज यहाँ रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड, हेतिच इंडिया और पेप्सिको इंडिया उद्योग समूह के प्रतिनिधियों ने भेंट की तथा प्रदेश में बायो गैस, फर्नीचर फिटिंग्स और खाद्य प्र-संस्करण इकाइयों की स्थापना के संबंध में चर्चा की। मुख्यमंत्री चौहान ने उद्योगपतियों और निवेशकों का प्रदेश में स्वागत करते हुए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री चौहान को रिलायंस इंडस्ट्रीज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष फरहान अंसारी तथा उपाध्यक्ष विवेक तनेजा ने बताया कि उनका समूह प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर लगभग 1970 करोड़ रूपये के निवेश से 10 कम्प्रेस्ड बायो गैस और 15 बायो गैस



सघनीकरण संयंत्र स्थापित कर जैव ऊर्जा क्षेत्र में प्रवेश का इच्छुक है। मुख्यमंत्री चौहान से रिलायंस के प्रतिनिधियों ने राज्य को होने वाले दीर्घकालिक लाभ और कम्पनी की अपेक्षाओं के संबंध में चर्चा की। मुख्यमंत्री चौहान से फर्नीचर हार्डवेयर उत्पादों के निर्माण में विशेषज्ञता रखने वाली जर्मन कम्पनी हेतिच इंडिया के प्रबंध संचालक आंद्रे अकोल्ट ने भेंट कर पीथमपुर में 700 करोड़ रूपए के निवेश से स्थापित हो रही कम्पनी की नई इकाई की जानकारी दी।

# मुरारी बापू ने महाकाल मंदिर के गर्भगृह में लुंगी और सिर पर सफेद कपड़ा बांध की पूजा, मचा बवाल



**उज्जैन।** मध्य प्रदेश के उज्जैन में 5 अगस्त को एक दिवसीय रामकथा करने के लिए मुरारी बापू उज्जैन पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने बाबा महाकाल के गर्भगृह में जाकर भगवान महाकाल का जलाभिषेक और पूजन किया था। गर्भगृह में जिस पहनावे को पहनकर मुरारी बापू मंदिर में गए थे उसको लेकर अब पुजारी महासंघ ने आपत्ति जताई है।

अखिल भारतीय पुजारी महासंघ कहना है कि मुरारी बापू ने सर पर सफेद कपड़ा बांध, सफेद लूंगी पहनकर भगवान महाकाल गर्भ ग्रह में प्रवेश किया जो मर्यादाओं के अनुकूल नहीं है। हम उनका विरोध नहीं कर रहे लेकिन यह बात संज्ञान में ला रहे हैं। बताया जाता है कि मुरारी बापू उज्जैन में 5 अगस्त को महाकाल लोक के पास सरस्वती शिशु मंदिर में राम कथा सुनाने पहुंचे थे। उनके साथ उनके एक हजार अनुयागी भी साथ थे। मुरारी बापू अपनी विशेष ट्रेन से उज्जैन पहुचे थे। मुरारी बापू सावन में देशभर के बारह ज्योतिर्लिंगों में रामकथा सुनाने निकले हैं। बापू 12 हजार किलोमीटर का सफर तय करते हुए महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंगों पहुंचे थे। मोरारी बापू की यह यात्रा विशेष ट्रेन से ऋषिकेश से शुरू हुई थी।

इसमें विश्वनाथ, मलिक्कार्जुन, बैद्यनाथ, नागेश्वर, रामेश्वरम, भीमाशंकर, ओंकारेश्वर, घृष्णेश्वर, त्रयंबकेश्वर, महाकालेश्वर और सोमनाथ ज्योर्तिलिगों तक की यात्रा शामिल है। अखिल भारतीय पुजारी महासंघ के अध्यक्ष महेश पुजारी ने कहा की महाकाल उज्जैन के राजा हैं।

# स्काउटिंग की गतिविधियों को हर विद्यालय बनाएं अपनी पहचानः सुरेंद्र मणि

**सीधी।** राज्य मुख्यालय भोपाल एवं जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला मुख्य आयुक्त स्काउट डा प्रेम लाल मिश्रा के निर्देशानुसार भारत स्काउट एवं गाइड का कप बुलबुल का एक दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग स्थानीय शिक्षक सदन में भारत स्काउट एवं गाइड के जिलाध्यक्ष सुरेंद्रमणि दुबे के मुख्य आतिथ्य एवं जिला कमिश्नर गाइड डॉक्टर श्वेता सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

शिविर को डॉक्टर शास्त्री प्रसाद मिश्रा के कुशल दिशा निर्देशन, जिला सचिव हरिशंकर पाण्डेय, जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट छत्रमणि पांडे एवं जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड अजीता द्विवेदी, प्रशिक्षक के पी सिंह द्वारा विभिन्न प्रकार की गतिविधियों एवं कार्यक्रमों द्वारा पाठ्यक्रमों के साथ संचालित किया गया।

शिविर को संबोधित करते हुए भारत स्काउट एवं गाइड के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र मणि दुबे ने कहा कि स्काउटिंग से छात्रों में सहज ही अनुशासन, अध्ययन अध्यापन के साथ ही सामूहिक जीवन जीने की कला आती है। इसलिए सभी विद्यालय स्काउटिंग को अपने विद्यालय की पहचान बनाएं। स्काउटिंग के माध्यम से विद्यार्थी राज्यपाल और राष्ट्रपति पुरस्कार भी प्राप्त कर सकते हैं, जो उनके व्यक्तित्व को निखारने में सहभागी बनेगा, वही जिला कमिश्नर गाइड डॉक्टर श्वेता सिंह ने स्काउटिंग का महत्व बताते हुए कहा कि स्काउटिंग से छात्रों का सर्वांगीण विकास होता है, इसलिए स्काउटिंग छात्रों के सर्वांगीण विकास की प्रथम पाठशाला कही जाती है। विभिन्न प्रकार के प्रेरक प्रसंग के माध्यम से बच्चों को मनोरंजन भी डॉक्टर श्वेता सिंह ने कराया। दिनभर चले प्रशिक्षण वर्ग में भारत स्काउट गाइड के जिला सचिव हरिशंकर पांडे, डॉक्टर शास्त्री प्रसाद मिश्रा, छत्रमणि पांडे, अजीता द्विवेदी, के पी सिंह ने पाठ्यक्रमों की विभिन्न विषयों को संपादित किया।

## स्काउटिंग व्यक्तित्व विकास की प्रथम पाठशालाः डॉक्टर श्वेता सिंह



इस दौरान ध्वजारोहण, प्रार्थना, लोकगीत , पेंटिंग, हस्तकला, लोक नृत्य, जंगल गीत आदि आकर्षण के केंद्र रहे। शानदार प्रदर्शन करने वाली टोलियों को समापन में पुरस्कृत भी किया गया। एक दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग को सफल बनाने के लिए विशेष रुप से राज्य उपाध्यक्ष डा अजय मिश्रा, जिला शिक्षा अधिकारी डॉक्टर प्रेम लाल मिश्रा, प्रधानाचार्य सविता सिंह, अवोध विद्यालय से जितेन सिंह परिहार, जोगीपुर विद्यालय से आशीष गोस्वामी, मधुरी विद्यालय से सुशीला पटेल, खनौधा विद्यालय से कल्पना सिंह का विशेष रूप से सराहनीय योगदान रहा।



# आजमगढ़ प्रकरण : जनपद में प्राइवेट स्कूलों में पसरा सन्नटा, पूर्णतः बन्द रहे विद्यालय

## प्रधानाचार्या एवं शिक्षका की अविलम्ब रिहाई की मांग, नगर सहित तालबेहट, महरौनी, मडावरा बांसी एवं पाली में भी रहा बन्द

*ललितपर।* पूरे उत्तर प्रदेश के समस्त प्रबंध तंत्र आधारित शैक्षणिक समुदाय के आवाहन पर प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन ललितपुर के तत्वाधान में जनपद में प्राइवेट शिक्षण संस्थाओं का बंद आज जनपद में पूरी तरह सफल रहा। आजमगढ़ के गर्ल्स स्कूल में हुई छात्रा की आत्महत्या पर संवेदनाएं व्यक्त करने एवं निर्दोष प्रधानाचार्य एवं शिक्षिका को गिरफ्तार करने के विरोध में आज समूचे उत्तर प्रदेश के साथ-साथ जनपद में भी प्राइवेट विद्यालय पूर्ण रूप से बंद रहे।

बंद के दौरान प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन से जुड़े विद्यालयों के प्रबंधकों ने कंपनी बाग के योग सैड पर उपस्थित होकर अपना विरोध प्रदर्शन किया। इस अवसर पर प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष मोहन सैनी ने कहा आजमगढ़ में हुई घटना दुखद है, परंतु इसमें विद्यालय के प्रधानाचार्य






शिक्षक का दोषी ठहराया जाना भी उचित नहीं प्रतीत होता। उन्होंने कहा बिना जांच के प्रधानाचार्य शिक्षिका को गिरफ्तार करना न्याय संगत नहीं कहा जा सकता। उन्होंने कहा कि आज जनपद के समस्त विद्यालय ने एकजुट होकर अपनी एकता का प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि हम शासन से मांग करते हैं कि अविलंब प्रधानाचार्या एवं शिक्षकों को रिहाई एवं प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच की जाए. जांच में दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाए। इस अवसर पर डीएस विवेक, गोविंद व्यास, अक्षय अलया, अजय श्रीवास्तव, ध्रुव साहू, अजय बरया, अशोक सेन, कपिल अग्रवाल, राजेश माहेश्वरी, स्वप्निल बरया, रामगुलाम, अभय कुमार जैन, राजेंद्र सिंह, आकाश मसीह, रमेश सेन, राजेश दुबे, सनत जैन, संजय मोदी, किशोर मैथ्यूज, सुनील सोलोमन, राकेश श्रीवास्तव, राजेश राजपूत, रामबाबू राजपूत, कौशल किशोर गोस्वामी, सतीश पुरोहित, राजेंद्र सिंह यादव, महेश शर्मा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

**यह निजी विद्यालय रहे बंद:** जनपद के जो प्रमुख विद्यालय बंद रहे उनमें एसडीएस कान्वेंट स्कूल, मॉडर्न पब्लिक स्कूल, रानी लक्ष्मीबाई पब्लिक स्कूल, सेंट्रल पब्लिक स्कूल, संस्कार वैली, महेश्वरी अकादमी, महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल, सिद्धि सागर अकैडमी, ए.बी.एम.इंटर कॉलेज, बचपन प्ले स्कूल, सिटी मांटेसरी स्कूल, प्रशांति विद्या मंदिर गांधीनगर एवं गोविंद नगर, प्रशांति एजुकेशनल अकैडमी, स्यादवाद बाल संस्कार केंद्र, जीडी मेमोरियल पब्लिक स्कूल, श्री वर्णी जैन कान्वेंट स्कूल, सरस्वती विद्या मंदिर सिविल लाइन, आर.ए.मिशन स्कूल, जय गुरुदेव बाल विद्या मंदिर, सूर्योदय शिशु मंदिर, लिटिल फ्लावर स्कूल, नेशनल कान्वेंट स्कूल, अटल विद्या मंदिर, रामकृष्ण विद्या मंदिर, एस.बी.कान्वेंट स्कूल, मां शारदा इंटर कॉलेज, सरस्वती ज्ञान मंदिर इंटर कॉलेज, रामरतन विद्या मंदिर, सुधासागर इंटर कॉलेज, शान्ति सागर जूनियर हाई स्कूल, आर.ए.मिशन स्कूल, लिटिल फ्लावर स्कूल, लेडी बेकन स्कूल, एसपी ज्ञानस्थली पब्लिक स्कूल, सरस्वती मंदिर अजीतपुरा तालाबपुरा आदि नगर के समस्त विद्यालय बंद रहे। इसके अलावा जनपद के तालबेहट बांसी, महरौनी, मडावरा, पाली, जखौरा, बिरधा आदि ग्रामीण अंचलों में भी समस्त निजी विद्यालय बंद रहे।

# श्रीहनुमान चालीसा का हुआ सामूहिक पाठ

## स्कूली बच्चों के साथ हजारों लोगों ने एकसाथ किया पाठ





**ललितपुर।** श्री सिद्धपीठ चंडी मंदिर धाम स्थित मंगल भवन में ऐतिहासिक 11000 श्री हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
चंडीपीठाधीश्वराचार्य महामंडलेश्वर स्वामी चन्द्रेश्वर गिरि महाराज के पावन सानिध्य में दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान महाराजजी ने श्री हनुमान चालीसा के नियमित पाठ से व्यक्ति के हर विकार, राग, द्वेष, पीड़ा, आदि, व्यादि का समूल नाश होता है।
मान्यता है कि हनुमान चालीसा के पाठ से कई तरह की तकलीफों का नाश हो जाता है और घर-परिवार में सुख-समृद्धि के साथ आरोग्य का वास होता है। यदि किसी कारण मन अशांत है तो हनुमान चालीसा के पाठ से मन को शांति मिल सकती है। हर तरह के भय का नाश भी इसके पाठ से होता है।
बच्चों को इसके नियमित पाठ से अज्ञानता का समूल नाश होता है। स्कूली बच्चों समेत हजारों लोगों ने सामूहिक रूप से श्रीहनुमान चालीसा का ग्यारह बार पाठ किया गया।
मुक्त कंठ से किये गये श्री हनुमान चालीसा के संगीतमय पाठ से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। सामूहिक आयोजन को लेकर शहर के कई विद्यालयों से बच्चों की भारी संख्या उपस्थित रहीं तो वहीं हजारों की संख्या में पहुंचे लोगों ने सामूहिक पाठ में भागीदारी निभाई। इस दौरान भावना गोस्वामी, आचार्य पवन शास्त्री, कमलेश शास्त्री, जिला प्रभारी अनिल यादव, अवध बिहारी उपाध्याय, वी.के.सरदार, प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बवेले सप्पू, पूर्व नपाध्यक्ष सुभाष जायसवाल, सत्येन्द्र प्रताप सिंह सिसौदिया, एसपी सिंह बघेल, सुधांशु शेखर हुण्डैत, हरिशंकर साहू, अनूप मोदी, संदीप तिवारी, राहुल शुक्ला, अश्वनी गोलू पुरोहित, राजनारायण पुरोहित, अशोक सेन, अमित लखेरा, राजेंद्र गुप्ता, बी.के.बंसल, विनोद शर्मा, नवल किशोर सोनी, बृजेंद्र सिंह गौर, राजू सेठ, कुंजबिहारी उपाध्याय, दिनेश पाठक, संतोष साहू, राकेश श्रीवास्तव, रवि श्रीवास्तव, सामंत सिंह, विवेक जैन, विक्रांत तोमर, बृजेश पंथ, मनीष दुबे, सुनील चौरसिया, गणेश अग्रवाल, प्रभुदयाल संज्ञा, गुडडन झा, धर्मेंद्र रावत, गिरीश शर्मा, बृजेंद्र पाराशर, पार्षद कुन्दन पाल, अशोक गोस्वामी, रिजवान उज्जमा, सर्वेश्वर गिरी, हीरानंद गिरी, पातालेश्वर गिरी, प्रकाश पंडित, मनीषा, दीपक यादव, पंकज गोस्वामी, चीनू मिश्रा, दिनेश साहू, राजेश साहू, मन्तव्य बबेले, पारंगत बबेले, संजू श्रोती, सुनील शर्मा, राजेश दुबे, मनोज रिछारिया, दिनेश पाठक, प्रदीप रिछारिया के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे।

# स्वतंत्रता दिवस पर व्यापारी निकालेंगे तिरंगा यात्रा

**ललितपुर।** जिला उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रमुख पदाधिकारियों की आवश्यक बैठक श्रीजगदीश मार्केट कार्यालय पर संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार त्रिपाठी एवं संचालन अनिल जैन ने किया। बैठक में प्रदेश चेयरमैन महेंद्र जैन मयूर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस बैठक में स्वतंत्रता दिवस की 77 वी वर्षगांठ पर 14 अगस्त को भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। व्यापारी नेताओं ने बताया कि भारत सरकार स्वतंत्रता दिवस पर लगातार 13, 14, 15 अगस्त को विविध कार्यक्रमों के माध्यम से स्वतंत्रता दिवस पर संपूर्ण देश में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर रही है। इस परिपेक्ष में व्यापार मंडल गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी तिरंगा यात्रा रेलवे स्टेशन से प्रमुख बाजारों में भ्रमण करते हुए आजाद चौक तक यात्रा निकालेंगे। इस बैठक में जिला



संगठन ने कार्यक्रम को भव्य रूप प्रदान करने के लिए यात्रा के लिए संयोजन की जिम्मेदारी नगर व्यापार मंडल एवं नगर युवा व्यापार मंडल को दी। इस बैठक के माध्यम से व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने जिले के सभी व्यापारिक संगठनों, सामाजिक संगठनों, राजनीतिक दलों एवं जिला व पुलिस प्रशासन के आला अधिकारियों से अपील की कि वे आयोजित कार्यक्रम में अपना अमूल्य योगदान देकर इस राष्ट्रीय पर्व में अपनी सहभागिता करने का कष्ट करें। उन्होंने बताया कि तिरंगा यात्रा 14 अगस्त को सुबह 10 बजे रेलवे स्टेशन के पास से प्रारंभ होगी।

अतएव सभी समय से उपस्थित होकर अपना योगदान देवे। इस बैठक में प्रदेश चेयरमैन महेंद्र जैन मयूर, जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार त्रिपाठी, महामंत्री अनिल जैन, नगर अध्यक्ष महेश जैन, प्रदेश संगठन मंत्री अशोक जैन, कोषाध्यक्ष आनंद जैन, मंडल महामंत्री अनिल जैन, संयुक्त महामंत्री अभय जैन एड., स्माल स्केल एसोसिएशन के महामंत्री मुकेश जैन, नगर युवा अध्यक्ष मनोज सोनी, महेश सतभैया, उपेंद्र जैन एंजेल, धर्मेश जैन, वीरचद जैन आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## जमीन कंप्यूटर में फीड कराई जाने की मांग

**ललितपुर।** तहसील तालबेहट अंतर्गत ग्राम दावनी मथुरा निवासी छक्कू पुत्र स्व.कांशीराम ने जिलाधिकारी कार्यालय में पहुंचकर एक प्रार्थना पत्र देकर बताया है कि उसकी जमीन तहसील तालबेहट में कंप्यूटर में फीड नहीं की जा रही है जिससे वह काफी परेशान है। बताया है कि उसने इसकी शिकायत संबंधित उच्च अधिकारियों से भी मगर जिम्मेदारों द्वारा कोई भी उचित कार्रवाई नहीं की गई जिससे परेशान होकर पीड़ित ने हाई कोर्ट इलाहाबाद की शरण ली। हाईकोर्ट इलाहाबाद ने मामला को संज्ञान में लेते हुए आदेश किया है कि उसकी जमीन कंप्यूटर में फीड की जाए। हाईकोर्ट के आदेश को लेकर वह आज जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचा और जिला अधिकारी को एक प्रार्थना पत्र देकर उसकी जमीन कंप्यूटर में फीड कराए जाने की मांग की है।

# स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 03 दिन एतिहासिक स्थल होंगे रोशन : एडीएम

## स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाये जाने हेतु सभी विभाग अपने दायित्व निभाएं

**ललितपुर।** अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव की अध्यक्षता में स्वतंत्रता दिवस मनाये जाने के सम्बंध में कलैक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि दिनांक 13, 14 व 15 अगस्त को समस्त सरकारी भवनों, इमारतों, स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े ऐतिहासिक स्मारकों को रात्रि में प्रकाशमान किया जाएगा। दिनांक 15 अगस्त को घण्टाघर पर पूज्य महात्मा गांधीजी, श्रीचन्द्रशेखर आजाद एवं घण्टाघर के पास लौहपुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल एवं श्रीबृजनन्दन किलेदार (स्वतंत्रता संग्राम सेनानी) की प्रतिमा पर जिलाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा माल्यार्पण किया जाएगा।

जिलाधिकारी द्वारा श्रीवीर सावरकरजी की प्रतिमा पर, जेल चौराहा ब्याना नाले के पास डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी, जिला कारागार के सामने श्रीकर्पूरी ठाकुर, तुवन चौराहे के पास अवंतीबाई एवं तुवन चौराहे पर महारानी लक्ष्मीबाई एवं पं.परमानन्दजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। सरकारी तथा गैरसरकारी कार्यालयों एवं संस्थाओं में ध्वारोहण,




झण्डा अविवादन के साथ ही राष्ट्रगान का भावपूर्ण गायन किया जाएगा। समस्त शिक्षण संस्थाओं में झण्डारोहर, झण्डा अभिवादन के साथ ही राष्ट्रगान जन-गण-मन का सामूहिक गायन किया जाएगा। जिला चिकित्सालय, राजकीय किशोर गृह दैलवारा, जिला कारागार, राजकीय सम्प्रेक्षण बाल गृह सिद्धनपुरा एवं मदर टेरेसा आश्रम पनारी में फल वितरण किया जाएगा। मा.कांशीराम कॉलोनी, राजकीय महाविद्यालय के पास, विष्णुपुरा, सिद्धनपुरा, गोविन्द नगर कॉलोनी एवं मा.कांशीराम कालौनी महरौनी में स्वास्थ्य परीक्षण कैम्प आयोजित किया जाएगा।

बैठक में अपर जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिये गए कि प्रत्येक कार्यालय में ध्वजारोहण किया जाए, 13 अगस्त की शाम से ही कार्यालयों एवं एतिहासिक स्थलों पर रोशनी करायी जाए तथा स्वतंत्रता दिवस पूर्ण सम्मान एवं गरिमा के साथ मनाया जाए, इसके साथ ही राष्ट्रीय ध्वज का सम्पूर्ण सम्मान सुनिश्चित किया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी कमलाकांत पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे लवकुश त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी सदर अमित कुमार भारती, अपर जिलाधिकारी तालबेहट श्रीराम यादव, क्षेत्राधिकारी सदर अभयनारायण राय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक एवं अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सनी लियोनी को मुंबई की बारिश से हुआ भारी नुकसान, एक्ट्रेस को खोनी पड़ी अपनी महंगी गाड़ियां

**बॉलीवुड** एक्ट्रेस सनी लियोनी हमेशा अपनी बोल्ड अदाओं के चलते सुर्खियों में रहती हैं। सनी ने इंडिया में अपने करियर की शुरूआत टीवी के फेमस शो बिग बॉस से की थी। बिग बॉस के बाद एक्ट्रेस को फिल्मों में काम मिला। उन्होंने बॉलीवुड में कुछ फिल्म्स की और कई मूवीज में आइटम सॉन्ग भी किए। इसी बीच अब सनी का एक इंटरव्यू वायरल हो रहा है, जिसमें उन्होंने मुंबई शहर की बारिश के बारे में बात की है। सभी जानते हैं मुंबई शहर में हर साल सबसे ज्यादा बारिश होती है और कभी-कभी आसमान से बरसने वाला ये पानी वहां के लोगों के लिए एक बड़ी मुसीबत बन जाता है। ऐसा ही कुछ सनी के साथ भी हुआ। एक इंटरव्यू में सनी ने अपने करियर के शुरूआती दिनों को याद करते हुए बताया कि, इस शहर की बारिश और बाढ़ ने उनका काफी नुकसान किया है। इस बार मुंबई की बारिश ने हाहाकार मचा दिया था। ट्रैफिक जाम और बाढ़ जैसी समस्याएं हो गई थीं। उन्होंने आगे कहा कि, जब मैं पहली बार काम के लिए मुंबई शहर में आई, तो यह देखकर हैरान रह गईं कि यहां कितनी बारिश होती है। सनी लियोनी ने बताया कि वह समंदर के बहुत करीब रहती थी और उस समय उसकी दीवारों से पानी टपकता था, जिसके चलते उसकी कई चीजों में नमी आ गई थी। सनी ने आगे बताया कि मानसून के कारण उनकी तीन कार खराब हो गई थी। उनमें से दो एक ही दिन में बह गईं और उनमें से एक 8 सीटों वाली मर्सिडीज थी। उन्होंने बताया कि बारिश में कारें खो देने के बाद वो बुरी तरह रो पड़ीं क्योंकि जब आप भारत में एक्सपोर्ट कारें खरीदते हैं तो आपको उस पर भारी टैक्स चुकाना पड़ता है। इतने सालों से मुंबई शहर में रह रही सनी अब यहां कि मुंबई और मौसम को अच्छी तरह समझ चुकी हैं। उन्होंने अब एक मेड इन इंडिया ट्रक भी खरीदा है जिसे खासतौर पर बारिश से बचाव के लिए बनाया गया है। इस दौरान एक्ट्रेस ने यह भी कहा कि उन्हें बारिश पसंद है, लेकिन तब जब वह घर के अंदर होती हैं।



# 64 साल की उम्र में मिनी ड्रेस पहने नजर आईं नीना गुप्ता, फैंस ने जमकर की तारीफ

**बॉलीवुड** एक्ट्रेस नीना गुप्ता अपनी एक्टिंग के साथ-साथ अपने बेबाक अंदाज के लिए भी जानी जाती हैं। फिल्मों में देसी अंदाज में नजर आने वाली नीना गुप्ता असल जिंदगी में बेहद स्टाइलिश हैं। 64 साल की उम्र में भारत की ज्यादातर महिलाएं साड़ी या सलवार सूट पहनना ज्यादा पसंद करती हैं। उस उम्र में एक्ट्रेस नीना शॉर्ट ड्रेस पहन सबको चौंका दे रही हैं। मंगलवार को कुछ ऐसा ही हुआ। नीना गुप्ता बी-टाउन की ग्रेसफुल एक्ट्रेसेस में से एक हैं, जो अपने बोल्ड फैशन के लिए भी काफी मशहूर हैं। नीना लोगों की परवाह न करते हुए सिर्फ अपने दिल की सुनती हैं और उनका यही अंदाज फैंस को खुश कर देता है। देर रात कुछ ऐसा ही हुआ। दरअसल, नीना मंगलवार की रात मुंबई में स्पॉट हुईं। इस दौरान वह ब्लैक कलर की मिनी ड्रेस में नजर आईं। सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस की तस्वीरें और वीडियो काफी वायरल हो रहे हैं। खुद उन्होंने भी अपने इंस्टाग्राम पर अपना वीडियो शेयर किया है, जिसके कैप्शन में लिखा है- गर्मी है तो क्या? बूट पहनने का शौक तो पूरा कर लिया। वीडियो में नीना अपनी गाड़ी से निकलती है और पैपराजी को पोज देती है। इस मौके पर उन्होंने अपनी ब्लैक ड्रेस के साथ ब्राउन शेड्स कैरी किए हुए है जो उनके लुक को



काफी स्टाइलिश बना रहा है। एक्ट्रेस ने अपना मेकअप को सिंपल रखते हुए इयररिंग्स के साथ अपने लुक को कंप्लीट किया है।

# 'अभी क्या छुपाना...मेरे कपड़े उतार दिए सबने', 'मूवी माफिया' कहे जाने पर करण जौहर ने तोड़ी चुप्पी




**करण** जौहर इन दिनों अपनी फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' की सफलता का आनंद ले रहे हैं। साथ ही वह कई वजह से सुर्खियों में रहते हैं। अभिनेत्री कंगना रणौत के साथ अक्सर उनकी जुबानी जंग होती है। करण पर अक्सर आरोप लगते रहते हैं कि वह बॉलीवुड इंडस्ट्री में नेपोटिज्म को बढ़ावा देते हैं। साथ ही करण को 'मूवी माफिया' भी कहा जाता है। यह शब्द अक्सर कंगना के जरिए इस्तेमाल किया जाता है। हाल ही में एक साक्षात्कार में करण ने खुद को 'मूवी माफिया' कहे जाने पर खुलकर बात की और पिछले कुछ वर्षों में मिली नफरत को याद किया। साथ ही खुलासा किया कि इसका उनकी मां हीरू जौहर पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा।

करण ने कहा कि पिछले तीन वर्षों में मुझे लगा कि मेरे रास्ते में बहुत अधिक नफरत आ रही है और इसका वास्तव में मेरी मां पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ा है। मैंने उन्हें सचमुच उसके नीचे ढहते हुए देखा, क्योंकि वह टीवी चैनल देखती थीं। वह ऑनलाइन भी मेरे बारे में नकारात्मक समाचार पढ़ रही थीं। वह टीवी एंकर्स को चीखते-चिल्लाते और किसी वजह से मुझे राक्षस बनाते हुए देख रही थीं। सिर्फ इतना ही नहीं, कई ऐसे भी लोग थे, जो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी ऐसा ही लिख रहे थे।

फिल्म निर्माता ने किसी का नाम लिए बिना कहा कि उस समय मुझे केवल मजबूत बने रहना पड़ा, क्योंकि मुझे अपनी मां और अपने लिए मजबूत बनना था। जब लोग मुझे ट्रोल कर रह थे, तब मैं सोच रहा था कि अब तो सबने मेरे कपड़े उतार ही दिए हैं। अभी क्या छुपाना? किससे लड़ना? वैसे भी हर किसी ने आपके जीवन में किसी तरह का तूफान ला दिया है, धारणाएं बना ली हैं। वे नहीं जानते कि मैं कौन हूं। उन्होंने बस माफिया या ऐसी किसी चीज के बारे में यह धारणा बना ली है, जिसके बारे में वे बात करते रहते हैं। वे नहीं जानते कि कैसे एक निमार्ता दैनिक आधार पर अपनी कास्ट पाने की कोशिश कर रहा है।

दरअसल, अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत के निधन के बाद कंगना रणौत ने एक वीडियो शेयर करते हुए करण जौहर को 'मूवी माफिया' करार दिया था। इसके बाद सोशल मीडिया पर कई यूजर्स ने करण को ही सुशांत की मौत का जिम्मेदार ठहराते हुए उनका बायकॉट कर दिया था। कंगना ने करण पर नेपोटिज्म को बढ़ावा देने का भी आरोप लगाया था।

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email -editor@rokthoklekhaninews.com